तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 20 सितम्बर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 लगातार बारिश के बीच सोनहत में खरीफ फसलों का निरीक्षण



खबर संक्षेप

नौकरी लगाने के नाम पर 5 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लाख रूपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस पुलिस द्वारा मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोसंगा निवासी उषा दास ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 अगस्त से 30 अक्टूबर 2024 के मध्य चेतन दास पड़वार एवं उसके सहयोगी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के नाम पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 3.5 लाख रूपए लिया था जबकि उसकी सहेली रुकमनी सिदार से सुपरवाईजर की नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख रुपए की ठगी की थी। जब दोनों की नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने पैसे की मांग की। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली गलौज और मारपीट की गई। ऐसे में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही थी। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर जांच उपरान्त पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी लखनपुर सोनतराई निवासी 38 वर्षीय चेतन सिंह पड़वार आ. परशुराम दास को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने ठगी की रकम को खर्च करने की बात स्वीकार की। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि शेष की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर सम्पत पोटाई, प्रधान आरक्षक पीताम्बर सिंह, आरक्षक नमीष सिंह, आशिष चौहान, दशरथ राजवाड़े सक्रिय रहे।

मुख्यमंत्री ने किया दो दिवसीय अग्र महाकुंभ का शुभारंभ, अग्रकुल दर्शन पत्रिका का किया विमोचन

प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका : विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। व्यापार और व्यवसाय से आगे बढ़कर समाज के उद्यमियों ने उद्योगों की स्थापना, रोजगार सृजन और जनसेवा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है। सीएम श्री साय शनिवार को अपने सरगुजा प्रवास के दौरान दो दिवसीय अग्र महाकुंभ में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अग्र महाकुंभ के तहत प्रांतीय अधिवेशन और दशम अग्र अलंकरण समारोह के उद्घाटन में सीएम ने समाज की मांग पर अग्रसेन जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने भगवान अग्रसेन की जीवनी को माध्यमिक स्तर पर पाठ्यक्रम में शामिल करने के प्रस्ताव का भी एलान किया। सीएम श्री साय ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने सामाजिक समानता, करुणा, सहयोग और सहभागिता पर आधारित समाज की कल्पना की थी। उनका संदेश था कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिले और जो सक्षम हैं, वे जरूरतमंद लोगों का हाथ थामकर उन्हें भी प्रगति की राह पर आगे बढ़ाएं। अग्रवाल समाज ने महाराजा अग्रसेन जी के इन आदर्शों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपने आचरण में उतारा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अग्रवाल समाज की पहचान केवल सफल व्यापार और उद्यमिता तक सीमित नहीं है। अर्थोपार्जन के साथ परमार्थ की भावना इस समाज की विशिष्टता रही है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों, धर्मशालाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी संस्थाओं तथा अनेक जनसेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज निरंतर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाता आया है।

उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े अग्रवाल समाज के अनुभवी लोगों के सुझाव शासन की नीतियों को और अधिक व्यावहारिक एवं जनोपयोगी बनाने में सहायक रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अग्र महाकुंभ में महिला शक्ति को विशेष स्थान दिए जाने की सराहना करते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां और बहनें परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के साथ व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, स्टार्टअप और समाजसेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने युवाओं के लिए आयोजित विशेष सत्र को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बदलते समय में नई पीढ़ी के सामने अवसरों का एक विशाल संसार है। युवाओं को अपने संस्कारों और सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहते हुए आधुनिक तकनीक, नवाचार और उद्यमिता को अपनाना होगा। जाने की सराहना करते हुए कहा कि आज हमारी बेटियां और बहनें परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के साथ व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, स्टार्टअप और समाजसेवा सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। उन्होंने युवाओं के लिए आयोजित विशेष सत्र को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर

खास बात

- अग्रसेन जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री।

समृद्धि का अर्थ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ाना : अग्रवाल

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अग्र महाकुंभ हमारी सामूहिक चेतना, संगठन शक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और भविष्य की दिशा पर विचार करने का महत्वपूर्ण अवसर है। महाराजा अग्रसेन जी ने जिस सामाजिक व्यवस्था की कल्पना की थी, उसके मूल में समानता, सहयोग, संवेदनशीलता और सहभागिता की भावना थी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज संकल्प ले कि कोई प्रतिभाशाली संसाधनों के अभाव में पीछे ना रहे। जरुरतमंद परिवार को चिकित्सा व शिक्षा के लिए संघर्ष ना करना पड़े। सक्षम परिवार जरूरतमंदों के साथ मजबूती से खड़े हो तो समाज आगे बढ़ेगा।

अग्र समाज मांगने नहीं देने वाला: कुलभूषण

अग्रवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल ने कहा कि अग्रवाल समाज मांगने वाला नहीं, यह देने वाला समाज है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा कि आपको प्रदेश में सामाजिक कार्य करने में गरीबों की सेवा करने में जहां भी हमारे समाज की जरूरत हो, समाज आपके साथ खड़ा है। कुलभूषण मित्तल ने कहा की लीडरशिप में अग्रवाल समाज द्वितीय क्रम में रहते है लेकिन प्रथम कर्म को चलाते है। देशभर में जितने आर्थिक सुधार हुए, उनमें एक न एक अग्रवाल छिपा है जिसने उसे आगे बढ़ाया है।

वरिष्ठ भाजपा नेता स्व.चरण सिंह अग्रवाल को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

बिश्रामपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिश्रामपुर शिवनंदनपुर निवासी भाजपा नेता स्व.चरण सिंह अग्रवाल के घर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की,उनके साथ प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अमर अग्रवाल, हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, भटगांव की पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, कलेक्टर सूरजपुर रेना जमील, एसपी योगेश पटेल सहित अन्य उपस्थित थे, अंबिकापुर में आयोजित अग्र महाकुंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होने के बाद सीएम हेलिकॉप्टर से बिश्रामपुर के अय्यप्पा मैदान हेलीपेड पहुंचे जहां स्थानीय भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया, यहां से वे सीधे स्व.चरण सिंह अग्रवाल के निवास पहुंचे,जहां उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी ,इस दौरान सीएम शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कीयहां पांच मिनट रुकने के बाद वे वापस हेलिकॉप्टर से रायपुर के लिए प्रस्थान कर गए।





APPROVED BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in

7 Wonder City

खुशियों की हैट्रिक

एक प्लॉट के साथ तीन बड़ी सौगातें

100 ग्राम सोना, रजिस्ट्री और क्लब हाउस चार्ज

बिल्कुल फ्री!*



*Terms & Conditions Apply

प्रीमियम आवासीय प्लॉट, लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप



7 वंडर सिटी | 7477284511, 9752389378, 7974656799

महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर | रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित, महादेव घाट के पास

Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500000257 | IFSC CODE - YESB0000047 | Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) इसके अलावा हमारा कोई और बैंक एकाउंट नही है, और हमारी कोई ब्रांच नही है। हमारे यहाँ किसी भी प्रकार का कैश लेन-देन नहीं किया जाता। प्लॉट बुकिंग हेतु 25% राशि अनिवार्य है, प्लॉट बुकिंग Confirmation हेतु विक्रय एग्रीमेंट अनिवार्य है, प्लॉट की रजिस्ट्री, प्लॉट की बुकिंग दिनांक से 60 दिन के अन्दर करना अनिवार्य है, अन्यथा विक्रेता को यह अधिकार होगा कि वह प्लॉट की बुकिंग रद्द कर सकता है। Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com, Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

साइट विजिट के लिए स्कैन करें

Embassy

खबर संक्षेप

गाज की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले के ग्राम बड़े साल्ही में 17 सितंबर को तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक नाबालिग की खेत में ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय नाबालिग खेत में काम कर रहा था। अचानक गिरी बिजली ने परिवार की खुशियां छीन लीं और गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की मदद से मृतक को उप स्वास्थ्य केन्द्र बचरा पोंडी लाया गया। लेकिन वहां एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण शव को जिला अस्पताल पहुंचाने में परेशानी सामने आई। इसी दौरान बड़े साल्ही निवासी सरवन ने पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल को फोन कर स्थिति की जानकारी दी। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया और बचरापोंडी के लिए एम्बुलेंस भेजने की व्यवस्था कराई। एम्बुलेंस के पहुंचने के बाद मृतक के शव को सुरक्षित बैकुंठपुर जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसे पोस्टमार्टम कक्ष में सुरक्षित रखवाया गया। इसके बाद अशोक जायसवाल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े होकर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की इस पहल को ग्रामीणों ने मानवीय संवेदना से जुड़ा कदम बताया।

संगठन सृजन अभियान के प्रशिक्षण शिविर का समापन



मनेन्द्रगढ़। संगठन सृजन अभियान के तहत अंबिकापुर में आयोजित सरगुजा संभाग के ब्लॉक अध्यक्षों एवं प्रशिक्षकों के चौथे चरण के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इसमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रशिक्षकों ने सहभागिता की। जिले से मनेन्द्रगढ़ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरव मिश्रा, मनेन्द्रगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष रामनरेश पटेल, चिरमिरी ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, खड़गवां ब्लॉक अध्यक्ष युधिष्ठिर कमरो, जनकपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर सिंह, कोटाडोल ब्लॉक अध्यक्ष रामू सिंह तथा मास्टर ट्रेनर के रूप में जय प्रकाश साहू एवं सुभाष दास शामिल हुए।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 1409 अपात्र!

बैकुण्ठपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2024 के तहत सिस्टम जनरेटेड ड्राफ्ट प्रतीक्षा सूची का ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं के माध्यम से सत्यापन किया गया। सत्यापन के उपरांत चिन्हांकित अपात्र परिवारों की जानकारी संबंधित जनपद पंचायत स्तर से आवास पोर्टल पर अपलोड की गई है। जिले में अपलोड की गई जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बैकुंठपुर के 1,139 तथा जनपद पंचायत सोनहत के 270, कुल 1,409 परिवारों को प्रस्तावित अपात्र परिवारों के रूप में चिन्हांकित किया गया है।

कृषि अधिकारियों ने रोग-कीट प्रबंधन, संतुलित पोषण और जल निकासी की दी तकनीकी जानकारी

लगातार बारिश के बीच सोनहत में खरीफ फसलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

बदलते मौसम और लगातार वर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग के उप संचालक कृषि राजेश भारती एवं कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया के कृषि वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार अनंत ने सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत बोड़ार एवं सुंदरपुर में खरीफ फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान धान, अरहर, उड़द एवं मूंगफली की फसलों की स्थिति, रोग-कीट प्रकोप, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा खेतों में जल निकासी का अवलोकन किया गया। ग्राम बोड़ार में कृषक बाबूलाल, संतकुमार, रविन्द्र एवं दीपक सिंह के धान खेतों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने किसानों को फसल की वर्तमान अवस्था के अनुरूप रोग-कीट की पहचान, पोषण प्रबंधन, जल निकासी एवं मौसम आधारित कृषि कार्यों की जानकारी दी।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि धान की फसल वर्तमान में पैनिकल इनिशिएशन एवं ईयर हेडिंग अवस्था में है। इस अवस्था में तना छेदक, भूरा माहू, हरा माहू एवं पत्ती मोड़क जैसे कीटों तथा ब्लास्ट, बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट एवं शीथ ब्लाइट जैसे रोगों की नियमित निगरानी आवश्यक है। अधिकारियों ने किसानों को रोग-कीट की सही पहचान और प्रकोप की पुष्टि के बाद ही अनुशंसित कृषि रसायनों का प्रयोग करने की सलाह दी। तना छेदक, माहू एवं पत्ती मोड़क के प्रबंधन के लिए कृषि विभाग द्वारा अनुशंसित रसायनों एवं मात्रा की जानकारी किसानों को दी गई। वहीं ब्लास्ट एवं शीथ ब्लाइट के लक्षण दिखाई देने पर रोग की स्थिति के अनुसार अनुशंसित फफूंदनाशी का प्रयोग करने तथा बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट की स्थिति में अनावश्यक नत्रजन के प्रयोग से बचने की सलाह दी गई।



रोग-कीट की सही करें पहचान

कृषि वैज्ञानिक डॉ. विजय कुमार अनंत ने कहा कि धान की पैनिकल इनिशिएशन एवं ईयर हेडिंग अवस्था में पौधों की पोषक तत्वों की मांग बढ़ती है और रोग-कीट के प्रति संवेदनशीलता भी महत्वपूर्ण होती है। लगातार पत्ती गीली रहने, अधिक आर्द्रता और घने पौध समूह के कारण झुलसा एवं शीथ ब्लाइट जैसे रोगों के लिए अनुकूल वातावरण बन सकता है। उन्होंने किसानों को नियमित निगरानी, संतुलित पोषण तथा रोग-कीट की सही पहचान के बाद लक्षित प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सोनहत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

पोटाश की कमी और जल निकासी पर जोर

निरीक्षण के दौरान कुछ खेतों में पोटाश की कमी के लक्षण भी पाए गए। किसानों को फसल की आवश्यकता एवं अनुशंसा के अनुसार संतुलित पोषण प्रबंधन अपनाने की जानकारी दी गई। लगातार बारिश के दौरान खेत में पानी जमा होने की स्थिति में उर्वरक का प्रयोग नहीं करने तथा मौसम साफ होने के बाद ही कृषि कार्य करने की सलाह दी गई। अरहर, उड़द एवं मूंगफली की फसलों में भी अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। अरहर में तना झुलसा एवं तना सड़न, उड़द में पीला मोजेक, पाउडरी मिल्ड्यू, सफेद मक्खी एवं फली छेदक तथा मूंगफली में टिक्का/पत्ती धब्बा एवं रस्ट रोग के लक्षणों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि 19 से 23 सितंबर के दौरान जिले में आंशिक रूप से बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। इस अवधि में कुछ स्थानों पर गरज-चमक एवं वज्रपात की संभावना को देखते हुए किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। किसानों से खेतों में उचित जल निकासी बनाए रखने, बारिश के दौरान अनावश्यक कृषि कार्य नहीं करने तथा फसलों की नियमित निगरानी करने को कहा गया। गरज-चमक के दौरान खुले खेत में कार्य न करने और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह भी दी गई। उप संचालक कृषि राजेश भारती ने कहा कि वर्तमान मौसम में किसानों को फसल की अवस्था के अनुसार कृषि कार्यों की योजना बनानी चाहिए। लगातार वर्षा की स्थिति में खेतों में जलभराव न होने दें और रोग-कीट के लक्षणों की समय पर पहचान करें। कृषि रसायनों का प्रयोग केवल आवश्यकता एवं अनुशंसा के आधार पर करें। बारिश के दौरान किसी भी कीटनाशी या फफूंदनाशी का छिड़काव नहीं किया जाना चाहिए। मौसम साफ होने के बाद ही अनुशंसित रसायन एवं मात्रा का प्रयोग करें।

जगह-जगह विराजे भगवान गणेश



कचहरीपारा में विराजे भगवान गणेश।



200 माईन्स गणेश पूजा सेवा समिति ग्राम पंचायत कटकोना।



चौरसिया चौक गणेश पूजा समिति ग्राम पंचायत कटकोना।

विकसित भारत और सेवा संकल्प पर आकर्षक पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

सेवा संकल्प अभियान के तृतीय दिवस जिले के विद्यालयों में मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा की परिकल्पना को साकार करते हुए ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिलेभर के स्कूली छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा, कल्पनाशीलता और वैचारिक कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में बच्चों ने वर्तमान भारत के साथ भविष्य के भारत की तस्वीर भी प्रस्तुत की। स्वच्छ भारत , डिजिटल इंडिया, सेना का शौर्य, नया कश्मीर और नक्सलवाद जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने विचार और कल्पनाएं चित्रों एवं भाषणों के माध्यम से व्यक्त कीं। वहीं सपनों का भारत, विकसित भारत 2047, नक्सल मुक्त भारत, महिला सशक्तिकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) का प्रभाव जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने भविष्य के भारत को लेकर अपनी सोच को रचनात्मक रूप से सामने रखा। आयोजन के तहत प्रत्येक विद्यालय से एक सर्वश्रेष्ठ भाषण एवं एक उत्कृष्ट ड्राइंग का चयन किया गया है। चयनित विद्यार्थी विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। विकासखंड स्तर पर चयनित प्रतिभागी आगामी 3 अक्टूबर को मानस भवन, बैकुंठपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में किया गया। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल के सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। बच्चों के सपनों और उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति में भविष्य के भारत की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सपनों और प्रतिभा को अभिव्यक्ति देने का सार्थक माध्यम हैं। उन्होंने कहा हर बच्चे में प्रतिभा होती है, उन्हें मंच देने की जरूरत है।



मनेन्द्रगढ़ में कांग्रेस के बैनर फ्लेक्स फाड़े, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर में कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाए गए बैनर और फ्लेक्स को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़कर क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ऱ्ओं में नाराजगी देखी गई। कांग्रेस नेताओं ने इसे गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच और दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। बताया गया कि कठौतिया तिराहा के समीप कांग्रेस पार्टी का फ्लेक्स लगाया गया था जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों के फोटो लगे हुए थे। आरोप है कि अज्ञात लोगों द्वारा फ्लेक्स को फाड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने मौके का जायजा लिया और मामले को लेकर पुलिस से शिकायत करने का निर्णय लिया। पूर्व विधायक गुलाब कमरो के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ पहुंचकर शिकायत प्रस्तुत की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, जिला महामंत्री रफीक मेमन, जिला उपाध्यक्ष और ग्रामीण प्रभारी कृष्ण मुरारी तिवारी तथा जिला महामंत्री श्रीमती पूनम सिंह ने पुलिस के समक्ष घटना की जानकारी देते हुए जांच की मांग की।कांग्रेस पदाधिकारियों ने शिकायत में कहा कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जाए और घटना से जुड़े अन्य उपलब्ध साक्ष्यों को भी संज्ञान में लिया जाए। उन्होंने पुलिस से फुटेज के आधार पर फ्लेक्स को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रभा पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी बलबीर सिंह, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष राम नरेश पटेल, शहरी ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, पूर्व सरपंच अमोल सिंह, युवा नेता व्यंकटेश सिंह, अमर सिंह, दीपक श्रीवास्तव, बिष्णु दास, सांसद प्रतिनिधि राजा पांडेय और अकरम मंसूरी सहित अन्य कांग्रेसजनों ने घटना पर नाराजगी जताई।

मास्टर ट्रेनरो का प्रशिक्षण संपन्न

बैकुण्ठपुर। सरगुजा संभाग के सभी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों एवं जिले के मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण शिविर अंबिकापुर में 15 से 17 सितंबर तक आयोजित किया गया। इसमें कोरिया जिले के पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए। संपन्न प्रशिक्षण शिविर में कोरिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के कोरिया जिला अध्यक्ष गणेश राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, आदि शामिल रहे। शिवपुर चरचा के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजीत लकड़ा, बैकुंठपुर नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव सहित काफी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए।

सेवा ही संकल्प अभियान का हुआ शंखनाद

मनेन्द्रगढ़। निकाय के परिसर सहित निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों, शहीद स्मारक, मंदिरों, सार्वजनिक स्थलो सहित विभिन्न स्थानों पर में 17 सितंबर को सेवा ही संकल्प अभियान के तहत भव्य आशीर्वाद का दिया प्रज्जवलन कर अभियान की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में सभी नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, स्व सहायता समूहों, महिलाओं, युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही कार्यक्रमों को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करने में निकाय के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी बूथ स्तर पर मतदान केन्द्र स्तर पर कार्यक्रम को अच्छे और व्यवस्थित तरीके से जमीनी स्तर पर संपन्न किया। इस अवसर पर परिषद परिषर में भगवान विश्वकर्मा की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई पूजा-अर्चना के पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर निकाय परिषर एवं अन्य स्थानों पर लगभग 4000 आशीर्वाद का दिया प्रज्जवलित कर रात्रि भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें काफी संख्या में नगरवासियों ने दीप प्रज्जवलित किया और प्रसाद ग्रहण किया।

उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन पर राव सम्मानित

चरचा कॉलरी। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा आरओ के वेस्ट में कार्यरत कामगार वी. संतोष राव को कार्य के प्रति समर्पण, जिम्मेदारी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। दीप प्रज्जवलन अभियान एवं भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें वेस्ट ओवरमेन के रूप में सम्मान से नवाजा गया। जानकारी के अनुसार चरचा आरओ के वेस्ट में कार्यरत वी. संतोष राव द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए कार्य के प्रति जिम्मेदारी और लगन का परिचय दिया गया। उनके उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए एसईसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा उन्हें अवार्ड-2026 के रूप में सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने से चरचा क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल रहा। बताया गया कि दीप प्रज्जवलन अभियान एवं विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के योगदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में वी. संतोष राव को उनके कार्य प्रदर्शन के लिए वेस्ट ओवरमेन के रूप में सम्मान प्रदान किया गया।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला- सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम उर्फ रवि आ.स्व.चमरू राम, निवासी ग्राम बरडोही, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बरडोही स्थित खसरा नंबर 357/6, 405/1 रकबा क्रमशः 0.005, 0.101 हे. स्थित है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में आवेदक का पुकारू नाम रवि अंकित हो गया है जबकि आवेदक के आधार कार्ड, निर्वाचन पहचान पत्र, राशन कार्ड एवं अन्य समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में आवेदक का वास्तविक नाम राधेश्याम दर्ज है। आवेदक के द्वारा उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में अपना पुकारू नाम रवि के स्थान पर राधेश्याम उर्फ रवि सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09/10/2026 के पूर्व स्वंय अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक–18/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

TOP IN SURGUJA

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ? वारसी शिफा
खानदानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमाग़ी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ: रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज, प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार, बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट, गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386
प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन

डॉ. कल्पना दास
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 20 सितंबर 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road, Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल, सुरक्षित प्रसव सुविधा, बांझपन परामर्श एवं उपचार, पीसीओडी/पीसीओएस उपचार, महिला रोगों की जांच व इलाज, सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं, डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)
CGHS से मान्यता प्राप्त

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
27 सितम्बर 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दरीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255


गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
कुशल, सक्षम एवं अनुभवी डॉक्टरों द्वारा इलाज
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



गणेश पूजा समिति शिव मंदिर कुसमी।



नव युवक संघ वार्ड क्रमांक क्रमांक 6 स्थित गणेश पंडाल।



गणेश उत्सव युवा समिति पतरापाली।



जय श्री महाकाल सेवा समिति भट्ठापारा।

खबर संक्षेप

मुकेश अग्रवाल बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जशपुर जिला प्रभारी

अम्बिकापुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ में संगठनात्मक दायित्वों की



घोषणा की गई है। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ता एवं व्यापारी नेता मुकेश अग्रवाल को जशपुर जिले के आर्थिक प्रकोष्ठ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। मुकेश अग्रवाल इससे पूर्व भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ, सरगुजा के जिला संयोजक के रूप में संगठन को सक्रिय रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी दक्षता, व्यापारिक एवं आर्थिक विषयों की समझ तथा कार्यकर्ताओं एवं व्यापारिक वर्ग के बीच बेहतर समन्वय को देखते हुए पार्टी संगठन ने उन्हें जशपुर जिले में आर्थिक प्रकोष्ठ को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

पार्वतीपुर मुक्तिधाम में सरपंच ने ग्रामीणों की मांग पर कराया मरम्मत कार्य



बिश्रामपुर। ग्राम पार्वतीपुर के मुक्तिधाम में लंबे समय से चली आ रही दो बड़ी समस्याओं का निराकरण किया गया,मुक्तिधाम के भीतर बदहाल शेड से अंतिम संस्कार करने आए लोगों को भारी परेशानी हो रही थी, साथ ही उक्त जगह पर ही लगाया गया हैण्ड पंप तीन वर्षों से खराब पड़ा हुआ था जिससे अंतिम संस्कार प्रक्रिया में पहुँचने वाले ग्रामीणों को दिक्कतें हो रही थी,ग्रामीणों की मांग पर सरपंच चन्द्रदेव की पहल से दोनों कार्यों का सुधार कार्य कराया गया, जिससे ग्रामवासियों को राहत मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि मुक्ति धाम किसी भी गांव का सबसे संवेदनशील स्थान होता है। यहां अंतिम विदाई के दौरान परिवार वाले पहले से ही दुखी होते हैं,ऐसे में जब शेड टूटा-फूटा और जर्जर हालत में हो, तो धूप-बारिश में खड़े रहना और भी मुश्किल हो जाता है। यहां के मुक्ति धाम का टीन शेड लंबे समय से जर्जर व बदहाल था, ग्रामीणों का कहना है कि मुक्ति धाम परिसर में लगा हैण्ड पंप करीब तीन साल से बंद पड़ा था। पानी न मिलने के कारण लोगों को दूर स्थल से पानी लाना पड़ता था या अन्य व्यवस्था करनी पड़ती थी।

भतीजी के साथ जहर पी फुआ की मौत, भतीजी का चल रहा इलाज

प्रतापपुर। घर से घूमने निकली युवती ने रिश्ते की भतीजी के साथ कीटनाशक पी लिया। परिजन दोनों युवती को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां एक युवती की मौत हो गई वहीं भतीजी का उपचार अस्पताल में जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम कनक नगर परसापारा निवासी उर्मिला मरावी आ. स्व. जय राम (25 वर्ष) 11 सितंबर को घर से भोजन करने के पश्चात गांव में घूमने के लिए निकली थी। इसी बीच रात में उर्मिला अपने रिश्ते की भतीजी मंजू के साथ कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर मंजू के परिजन लगभग 11 बजे मंजू और उर्मिला को लेकर उर्मिला के घर पहुंचे जहां दोनों अचेत हो गए। मंजू के परिजन ने उर्मिला के परिजन को कीटनाशक पी लेने की बात बताई। परिजन दोनों को तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उर्मिला की मौत हो गई वहीं मंजू का इलाज अस्पताल में जारी है।

गणेश विसर्जन करने जा रहा वृद्ध गिरा पुल से, मौत

अम्बिकापुर। सोनहत अंतर्गत ग्राम नटवाही निवासी मेहीलाल आ. स्व. ठनगू (65 वर्ष) 17 सितंबर को गांव वालों के साथ गणेश विसर्जन करने गोपती नदी जा रहा था। जैसे ही नदी के पुल पर पहुंचे तभी मेहीलाल पुल से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल सोनहत अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

बॉक्साइट परिवहन को लेकर हुआ था विवाद

हंसपुर रामनरेश हत्याकांड में करुण डहरिया को झटका हाईकोर्ट ने जमानत याचिका की खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज/कुसमी

कुसमी क्षेत्र के हंसपुर में बॉक्साइट परिवहन को लेकर हुए विवाद और ग्रामीण रामनरेश की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नि लं बि त तत्कालीन कुसमी एसडीएम करुण डहरिया समेत तीन आरोपितों को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय की अदालत ने 17 सितंबर को तीन अलग-अलग आपराधिक अपीलों पर सुनवाई के बाद सभी की खारिज कर दिया।

खास बात

- विगत 15 फरवरी को एसडीएम ने ग्रामीण की की थी हत्या

मामले में थाना कोरंधा में आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अलावा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम की धाराओं में भी मामला दर्ज किया गया है। तीनों आरोपितों को 16 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के आदेश में दर्ज अभियोजन पक्ष के अनुसार 15 फरवरी की रात करीब 9 बजे ग्राम हंसपुर के पास बॉक्साइट से लदे एक ट्रक को कुछ ग्रामीणों ने रोक लिया था। वाहन रोके जाने के बाद मौके पर विवाद हुआ और स्थिति मारपीट तक पहुंच गई। अभियोजन का आरोप है कि इस दौरान तत्कालीन कुसमी एसडीएम करुण डहरिया समेत तीन लोगों ने कुछ ग्रामीणों के साथ मारपीट की। इस घटना



में कई लोग घायल हुए थे। घायलों में रामनरेश भी शामिल था। उपचार के दौरान अत्यधिक आंतरिक रक्तस्राव के चलते उसकी मौत हो गई। घटना के बाद थाना कोरंधा के तत्कालीन थाना प्रभारी अमर सिंह कोमरे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। शुरुआत में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 115(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज हुआ था। जांच के दौरान अन्य धाराएं भी जोड़ी गईं। जिसमें धारा 109(1), 115, 296 और 238 के साथ एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(1)(आर), 3(1)(एस) और 3(2)(वी) शामिल हैं। उच्च न्यायालय के आदेश के मुताबिक मामले में करुण डहरिया समेत तीनों आरोपितों को 16 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में पेश कर दिया। ट्रायल कोर्ट में कुछ अभियोजन गवाहों के बयान भी दर्ज हो चुके हैं। जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे आरोपितों की ओर से दलील दी गई कि वे लंबे समय से जेल में हैं और पुलिस की जांच पूरी हो चुकी है। ऐसे में उन्हें नियमित जमानत का लाभ दिया जाना चाहिए। करुण डहरिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज परांजपे ने अदालत में अलग घटनाक्रम प्रस्तुत किया। मामले में आपत्तिकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा और अधिवक्ता मोहम्मद नक़ीब ने जमानत याचिकाओं का विरोध किया। उनकी ओर से अदालत में कहा गया कि तीनों आरोपितों पर रामनरेश के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करने का आरोप है और इसी घटना के बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हुई। राज्य की ओर से उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ कुमार पांडे ने भी जमानत का विरोध किया। राज्य पक्ष ने कहा कि बीएनएसएस की धारा 180 के तहत दर्ज कई गवाहों के बयानों में अभियोजन के मामले का समर्थन किया गया है। हालांकि इनमें से कई गवाहों की न्यायालय में अभी गवाही होना बाकी है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और केस डायरी का अवलोकन करने के बाद उच्च न्यायालय ने कहा कि कुछ घायल व्यक्तियों और पुलिसकर्मियों के बयानों में आरोपितों द्वारा रामनरेश के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट किए जाने की बात दर्ज है। वहीं ट्रायल कोर्ट के समक्ष कुछ गवाहों ने बचाव पक्ष के समर्थन में भी बयान दिए हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि जमानत पर सुनवाई के दौरान साक्ष्यों की विस्तृत जांच करना उचित नहीं है। गवाहों के बयानों की विश्वसनीयता और उनकी अंतिम समीक्षा मुकदमे की सुनवाई के दौरान की जानी है। जमानत के स्तर पर अदालत को प्रथम दृष्टया मामले की स्थिति पर विचार करना होता है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपितों को अपनी निर्दोष साबित करने का पूरा अवसर मिलेगा। सभी तथ्यों, केस डायरी और दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करने के बाद उच्च न्यायालय ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में तीनों आरोपितों को नियमित जमानत पर रिहा करने का मामला नहीं बनता। इसके साथ ही करुण डहरिया समेत तीनों की ओर से दायर अलग-अलग आपराधिक अपीलों को खारिज कर दिया गया।

सर्पदंश से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। कोरबा अंतर्गत पसान जाम कछार निवासी जुगनी बाई ओडाली पति शिवपाल (45 वर्ष) 17 सितंबर की रात पोती के साथ खाट पर सो रही थी। इसी दौरान देर रात महिला के बाएं हाथ पंजा में करैत सांप ने डस लिया। सांप के काट लेने पर महिला उठी और शोर मचाने लगी। परिजन तत्काल महिला को ग्राम सिरमिना अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात महिला को रेफर कर दिया। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।



श्रमिक सदस्यता अभियान में एचएमएस के गढ़ में बीएसएस की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में श्रमिक संघ मान्यता सत्यापन के अंतिम और संशोधित परिणामों ने श्रमिक संगठनों के बीच बदलते समीकरण की एक नई तस्वीर सामने रख दी है।

लंबे समय से मजबूत माने जाने वाले हिंद मजदूर सभा के मुकाबले भारतीय मजदूर संघ ने बेहद करीबी मुकाबला पेश करते हुए 883 मत हासिल किए। हिंद मजदूर सभा को 966 मत मिले और दोनों के बीच अंतर महज 83 मत रहा। कुल 2229 वैध मतों में भारतीय मजदूर संघ का यह प्रदर्शन संगठन की बढ़ती मौजूदगी और श्रमिकों के बीच उसकी मजबूत पकड़ को दर्शाता है। वहीं भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस को 198, भारतीय मजदूर संघ की तरह ही पुराने भारतीय कम्युनिस्ट मजदूर संघ को 144 तथा इनमें से कोई नहीं को 38 मत प्राप्त हुए। भारतीय मजदूर संघ के लिए यह परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि भटगांव क्षेत्र में हिंद मजदूर सभा की लंबे समय से मजबूत संगठनात्मक स्थिति रही है। ऐसे माहौल में भारतीय मजदूर संघ का लगभग बराबरी तक पहुंचना संगठन की मेहनत, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और चुनावी तैयारी का परिणाम माना जा रहा है। खदानवार परिणामों ने भारतीय मजदूर संघ के प्रदर्शन को और अधिक मजबूती दी है। शिवानी खदान जहां कुल 736 मत पड़े, वहां श्रमिक नेता फिरोज खान, राकेश श्रीवास्तव के नेतृत्व मे भारतीय मजदूर संघ ने 328 मत हासिल कर हिंद मजदूर सभा को प्राप्त 300 मतों से आगे बढ़त हासिल किया। इस इकाई में भारतीय मजदूर संघ को 28 मत की बढ़त मिली। वहीं नवापारा खदान में 87 मत, भटगांव इकाई में 296 मत और जयनगर खुली खदान परियोजना में 78 मत हासिल कर भारतीय मजदूर संघ ने विभिन्न इकाइयों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। भटगांव क्षेत्र का यह परिणाम भारतीय मजदूर संघ के लिए उत्साह बढ़ाने वाला है। 883 मतों के साथ हिंद मजदूर सभा के बेहद करीब पहुंचना और शिवानी जैसी महत्वपूर्ण इकाई में बढ़त हासिल करना यह संकेत देता है कि भारतीय मजदूर संघ ने भटगांव के श्रमिक संगठनात्मक परिदृश्य में अपनी मजबूत जगह बना ली है। भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के केंद्रीय उपमहामंत्री तथा क्षेत्रीय सलाहकार समिति सदस्य दिलीप मंडल, राजेन्द्र सिंह, कंपनी सुरक्षा मंडल,संजय सिंह, फिरोज खान, पवन वर्मा, संतोष तिवारी, कमल सक्सेना, शिवानी खदान अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री सालिक राम, अशोक सिंह, अखिलेश पांडेय, गणेश मिश्रा, यदुनाथ मंडल, भरतचंद्र बिसेन, महेंद्र मंडल, उमेश राजवाड़े, मान सिंह साहू, विवेक सिंह, अंकेश मंडल, संतोष बौरी, पीताम्बर राजवाड़े, रोहित चंद्रा, प्राण साय, खोरा, प्रदीप मंडल, अनिल चौधरी और जीव जीत मिंज सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास ने बीएमसी को महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंचा।

- 83 मतों के अंतर ने बदल दी भटगांव की तस्वीर

टूटे बांध की मरम्मत, बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम तेतरडीह में कृषि विभाग का बांध टूट जाने से बड़ी मात्रा में पानी खेतों की ओर बह गया। इससे बांध के नीचे स्थित खेतों में पानी भर गया था और धान की फसल प्रभावित हुई थी। इधर बांध टूटने की जानकारी लगते ही कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बांध मरम्मत करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री के निर्देश पर जिपं सभापति की उपस्थिति में बांध का मरम्मत संबधित विभाग द्वारा कराया गया।

बताया जा रहा है कि उक्त बांध का निर्माण कृषि विभाग द्वारा जल ग्रहण मिशन के तहत



कराया गया था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बांध में पहले से दरारें दिखाई दे रही थीं और इसकी जानकारी संबंधित विभाग को भी दी गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि समय रहते बांध की मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके चलते बांध टूट गया और पानी खेतों की ओर बहने लगा। बांध टूटने से खेतों में पानी भरने के कारण धान की फसल को नुकसान पहुंचा था। इधर बांध टूटने की जानकारी मिलने के बाद कृषि मंत्री रामविचार नेताम के निर्देश पर जिला पंचायत सभापति बद्री यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को बांध की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सभापति बद्री यादव ने बताया कि कृषि मंत्री के निर्देश के बाद मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को बांध की मरम्मत के निर्देश दिए गए, जिसके बाद बांध को दुरुस्त करने का कार्य कराया गया। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र की स्थिति पर भी नजर रखी जा रही है। तत्काल बांध का मरम्मत होने पर किसानों में खुशी की लहर है।

पति की हत्या के मामले में विचाराधीन महिला बंदी की मौत

अम्बिकापुर। रायगढ़ अंतर्गत चक्रधर नगर बादपाली निवासी श्रीमती मथुरा यादव पति पन्ना राठिया (55 वर्ष) के साथ सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम डेडरी में रहती थी। 15 फरवरी को पति के संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने महिला को पति की हत्या करने पर धारा 103 (3) के तहत अपराध दर्ज कर 19 फरवरी को जेल दाखिल कराया था वहीं मामला न्यायालय में विचाराधीन है। 17 सितंबर को महिला की तबीयत खराब होने जाने से जेल चिकित्सक की सलाह पर महिला बंदी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान महिला बंदी की मौत हो गई।



ज्ञानोदय संस्था में दिव्यांगों के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर दिव्यांगजनों को सबल एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक नए कार्यक्रम दिव्यांग जनों के कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। ज्ञात हो कि पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है।

शुभारंभ कार्यक्रम में संस्था के संचालक विजय राज अग्रवाल ने कहा कि आज से प्रारंभ की गई दिव्यांगजन कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र सभी तरह के दिव्यांगजनों चाहे वह अस्थिबाधित हो, श्रवणबाधित हो या दृष्टिबाधित हो, कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो जाएगा। नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर संस्था सरगुजा जानोदय एसोसिएशन भी सेवा संकल्प अभियान का श्री गणेश करते हुए दिव्यांग जनों के कौशल विकाश प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया है, यह केंद्र सूरजपुर जिले का प्रथम एकमात्र केंद्र है जिसमें दसवीं-बारहवीं तक की शिक्षा पूर्ण कर चुके दिव्यांगजनों को उनकी शारीरिक क्षमता व रुचि के अनुरूप रोजगारों के अनुरूप कौशल विकास प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। संस्था सर्वप्रथम स्वर्ण बाधित विद्यालय से अपनी शिक्षा पूर्ण कर चुके बालक बालिकाओं का एक ट्रेड कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रारंभ करने जा रहा है। इसके पश्चात सभी प्रकार के दिव्यांगों के लिए उनके अनुकूल प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह,नगर पंचायत की अध्यक्षा निर्मला यादव, संदीप अग्रवाल, रविंद्र विश्वकर्मा, कैलाश सिदार व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय के प्राचार्य अनवर हुसैन को शील्ड प्रदान किया गया। मूकबधिर बच्चों को सांकेतिक भाषा में प्रधानाध्यापिका रीना सोनी ने कार्यक्रम में बोले जा रहे उद्बोधन से अवगत कराया गया। आभार प्रदर्शन शिक्षिका दीपिका तिवारी ने किया।

अंतिम वरिष्ठता सूची जारी करने एवं पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने की मांग

अंबिकापुर। टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा सरगुजा संभाग में चल रही पदोन्नति प्रक्रिया में हो रहे विलंब को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

संघ ने ज्ञापन में कहा है कि पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर पूर्व में भी संगठन द्वारा 14 जुलाई, 11 अगस्त, 20 अगस्त, 24 अगस्त, 31 अगस्त एवं 7 सितंबर 2026 को ज्ञापन एवं पत्राचार के माध्यम से विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया था। इसके बावजूद अब तक अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन नहीं होने से पात्र एवं वरिष्ठ शिक्षकों में असंतोष एवं निराशा की स्थिति निर्मित हो रही है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किए जाने के संबंध में विभागीय अधिकारियों से कई



बार चर्चा की जा चुकी है तथा प्रत्येक अवसर पर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन भी मिला, लेकिन अभी तक ठोस एवं निर्णायक कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। संघ का कहना है कि प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब से पात्र एवं वरिष्ठ शिक्षकों के हित प्रभावित हो रहे हैं। संघ की मांग है कि अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया जाए। पात्र शिक्षकों से सीआर जमा करने हेतु तत्काल आदेश जारी किए जाएं। पदोन्नति से संबंधित शेष सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। 25 सितंबर 2026 तक पात्र शिक्षकों के पदोन्नति आदेश अनिवार्य रूप से जारी किए जाएं। संघ ने संयुक्त संचालक शिक्षा से मामले की गंभीरता को समझते हुए 25 सितंबर 2026 तक पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण कराने की अपेक्षा व्यक्त की है। संघ ने कहा है कि यदि निर्धारित समय-सीमा तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती है, तो संघ द्वारा 28 सितंबर से संभाग स्तर पर आमरण-अनशन, उग्र आंदोलन एवं धरना प्रारंभ किया जाएगा।

एसईसीएल कर्मचारियों के मेडिकल सुविधा में आ रही रुकावटों को दूर करने सर्कुलर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल कंपनी मुख्यालय ने अपने सभी क्षेत्रों के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए मेडिकल सुविधाओं को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी के औद्योगिक संबंध विभाग ने गत दिनों एक सर्कुलर जारी कर सभी क्षेत्रों के स्टाफ ऑफिसर मानव संसाधन को सख्त निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों के आश्रितों के नाम एसएपी सिस्टम में तुरंत अपडेट कराए जाएं। एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से जारी पत्र में बताया गया है कि कंपनी ने एचएमआई पोर्टल तैयार कर लिया है,इसके जरिए कर्मचारियों और उनके आश्रितों को क्षेत्रीय चिकित्सालयों में चिकित्सा सुविधा दी जाएगी। लेकिन यह सुविधा पूरी तरह से एसएपी सिस्टम में दर्ज आश्रितों के नाम पर आधारित होगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कई कर्मचारियों के आश्रितों के नाम अभी तक एसएपी में अपडेट नहीं हुए हैं, इससे उन्हें मेडिकल सुविधा लेने में दिक्कत हो रही है और कामगारों में असंतोष रहा है,निर्देशित किया गया कि कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में दर्ज आश्रित सदस्यों के नाम शीघ्रता से एसएपी में दर्ज कराए जाएं,जिन कर्मचारियों के आश्रितों के नाम सेवा रिकॉर्ड में ही नहीं हैं, उन्हें तुरंत नाम जुड़वाने की सलाह दी जाए,यह कदम इसलिए जरूरी माना जा रहा है ताकि कोयला क्षेत्रों में काम करने वाले हजारों कामगार और उनके परिवार बिना किसी बाधा के स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

- कोल कर्मचारियों के आश्रितों के नाम एसएपी सिस्टम में अपडेट करने दिए निर्देश

खबर संक्षेप

स्थापना दिवस पर प्रेलेश का राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन आज

अम्बिकापुर। प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस पर राज्यस्तरीय कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार की दोपहर 3 बजे से होटल में किया गया है। सम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ से आमंत्रित कवि अपनी रचनाओं का पाठ करेगें. कवियों में जीवेश प्रभाकर, जय प्रकाश, मनवर अशर्फी, प्रियंका मिश्रा, कुसुम माधुरी टोप्पो, मुकेश कुमार, विश्वाशी एक्का, नीरज वर्मा, रफीक खान, परमेश्वर वैष्णव, संजय श्याम, पथिक तारक, नंद कुमार, संकल्प यदु, पोषण लाल वर्मा, हिरेन्द्र कवर शामिल है। कवि सम्मेलन का संचालन अध्यक्ष मृदुला सिंह करेंगी, अध्यक्ष मंडल में रवि श्रीवास्तव, आशा शर्मा, वेदप्रकाश अग्रवाल विजय गुप्त शामिल हैं।

सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक आज

अम्बिकापुर। सरगुजा संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यकारिणी की त्रैमासिक बैठक 20 सितम्बर रविवार को दोपहर 12 बजे से पश्चिमी रिंगरोड स्थित होटल सुमिरन रिसॉर्ट में आयोजित की गई है। संभागीय अध्यक्ष आईबी तिवारी ने बताया कि बैठक में संभाग के विभिन्न जिले एवं तहसील क्षेत्र के पदाधिकारी शामिल होंगे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करने के साथ ही सभी की सहमति से भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

विधायक रामकुमार टोप्पो ने टाइगर प्वाइंट का किया औचक निरीक्षण

मैनपाट। मैनपाट प्रवास के दौरान सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन स्थल पर साफ-सफाई एवं व्यवस्था में कमी पाए जाने पर विधायक ने नाराजगी जताई और संबंधित निगरानी समिति तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान परिसर में जगह-जगह कूड़ा-करकट और अव्यवस्था दिखाई दी। वहीं धूम्रपान वर्जित क्षेत्र में गुटखा की बिक्री किए जाने की स्थिति भी सामने आई। इस पर विधायक टोप्पो ने संबंधित निजी निगरानी समिति एवं विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब करते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि मैनपाट क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर देश-प्रदेश से पर्यटक पहुंचते हैं। ऐसे में पर्यटन स्थलों का स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए निगरानी समिति एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण और सतत निगरानी करनी चाहिए। विधायक ने अधिकारियों को पर्यटन स्थल की स्वच्छता, सुरक्षा एवं मूलभूत व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने युकलिप्टस लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

रामानुजनगर। क्षेत्र में पेड़ों की कटाई और लकड़ी के परिवहन का मामला लगातार सामने आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग गांव-गांव जाकर किसानों से पेड़ खरीदकर उनकी कटाई करवा रहे हैं और लकड़ी को बड़े शहरों तक भेजा जा रहा है। इससे क्षेत्र में हरियाली और पर्यावरण को लेकर चिंता बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एसडीएम अजय मोड़ियम दल-बल के साथ ग्राम मदनेश्वरपुर पहुंचे। जहां ट्रक क्रमांक यूपी 71 टी 9547 में यूकेलिप्टस की लकड़ी लोड किए ट्रक को पकड़ा। एसडीएम ने ट्रक को आगे की कार्रवाई के लिए रामानुजनगर थाने के सुपुर्द कर दिया।

निधन

विशेश्वर सोनी



अंबिकापुर। नगर के मायापुर गुलमोहर भवन निवासी विशेश्वर सोनी का शनिवार दोपहर निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे और विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। भाजपा पार्षद विजय सोनी व सेवानिवृत्त सेलटैक्स अधिकारी मोहन सोनी के बड़े भाई एवं निमेष सोनी मंटो के पिता थे। स्व. विशेश्वर सोनी पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग में आडिटर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार रविवार की सुबह 10 बजे शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

लाइसेंसी पिस्टल का दुरुपयोग कर वारदात को दिया अंजाम

पिस्टल से हवाई फायर कर ट्रक चालक से मारपीट, मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

चौकी खड़गवां पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने न सिर्फ पिस्टल से हवाई फायर कर हाईवा चालक से मारपीट करने तथा चालक की मोबाइल लूटने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया बल्कि आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल, जिंदा कारतूस, कार, मोबाइल सहित अन्य सामान जब्त किया है। मामले में लाइसेंसी हथियार के दुरुपयोग को लेकर आर्म्स एक्ट की धारा 30 भी जोड़ी गई है।

खास बात

- पिस्टल, कारतूस, कार और मोबाइल सहित सामान जब्त

पुलिस के मुताबिक रामानुजनगर थाना अंतर्गत ग्राम तेलईमुड़ा निवासी शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने 18 सितंबर को चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि वह बरियों से हाईवा वाहन में गिट्टी लेकर भटगांव जा रहा था। इसी दौरान शाम करीब 6.30 बजे जैसे ही रामेश्वरपुर मोड़ के पास ग्राम खड़गवां कला के जंगल में पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 14 एमयू 7274 के चालक राजेश अम्बष्ट ने अपने साथी



श्यामलाल साहू के साथ हाईवा को ओवरटेक कर रास्ता रोक दिया।

शिव प्रसाद का आरोप है कि दोनों ने चालक को वाहन से नीचे उतरने के लिए कहा। चालक के नीचे नहीं उतरने पर राजेश अम्बष्ट ने कार से पिस्टल निकालकर हवाई फायर किया और हाईवा ठीक से नहीं चलाने की बात कहते हुए चालक का कॉलर पकड़कर मारपीट की। इसके बाद राजेश अम्बष्ट और उसके साथी श्यामलाल साहू पर मोबाइल लूटकर ले जाने का आरोप है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 309(6) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन एवं एसडीओपी प्रतापपुर अनूप एक्का के मार्गदर्शन में चौकी खड़गवां पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने दबिश देकर दीनदयाल कॉलोनी जशपुर निवासी राजेश कुमार अम्बष्ट (54 वर्ष) व नावाटोली महाराजा चौक जशपुर निवासी श्यामलाल साहू (56 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में दोनों आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई। जांच में पिस्टल राजेश अम्बष्ट के नाम पर लाइसेंसी होना पाया गया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से फायर किए गए दो कारतूस भी बरामद किए। पुलिस ने मामले में कार, लाइसेंसी पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन, ड्राइविंग लाइसेंस और पिस्टल का लाइसेंस जब्त किया है। लाइसेंसी हथियार का कथित रूप से दुरुपयोग किए जाने के कारण प्रकरण में आर्म्स एक्ट की धारा 30 भी जोड़ी गई है। कार्रवाई में चौकी खड़गवां पुलिस टीम सक्रिय रहे।

सुपारी किलिंग के मामले में पांचवां आरोपी भी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

अंबिकापुर। सुपारी किलिंग के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता को भी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

- बैठक कर आरोपी के परिवार को किया गया समाज से बाहर

बता दें कि 16 सितंबर को शहर के रसूलपुर में तीन लोगों ने घर में घुसकर बशीरुद्दीन सिद्दीकी की चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक की पुत्री सादिया शारीन सिद्दीकी की शिकायत पर पुलिस शुरू की थी। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर चल रही जांच के दौरान दामाद द्वारा हत्या कराने की बात सामने आई थी जिसके बाद पुलिस ने जांच उपरान्त दामाद नाजिम शबा, सुपारी लेकर हत्या करने वाले कंचन कुमार अवकाश साव उर्फ आकाश गुप्ता एवं सहयोगी नेजारूउद्दीन उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार करने के साथ ही देशी पिस्टल, 6 जिन्दा कारतूस, चाकू बरामद किया था जबकि फरार आरोपियों की तलाश चल रही थी। सुपारी किलिंग के इस मामले में पुलिस ने जांच व मृतक के मरणासन बयान के आधार पर आरोपी



दामाद के पिता झारखण्ड पलामू पांकी हाल मुकाम रनपुर खुर्द सरनापारा निवासी 65 वर्षीय मोईन आ. स्व. रोजान अंसारी को भी गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1), 3(5), 103 (1), 61(2), 238 व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

समाज से किया गया बहिष्कृत

दिनदहाड़े घर में घुसकर वृद्ध की चाकू से हत्या करने और सुपारी किलिंग की इस घटना से लोगों में आक्रोश का माहौल है। कोर्ट में चल रहे केस को वापस लेने का दबाव बनाने और केस वापस नहीं लेने पर 5 लाख रूपए की सुपारी देकर हत्या कराने के मामले मे शुक्रवार को अंजुमन कमेटी मुरादिया द्वारा तकिया ग्राम में बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद समाज के लोगों ने परिवार को समाज से बहिस्कृत करने का निर्णय लिया है।

शराब के नशे में धुत होकर ड्यूटी करने वाला डायल 112 का आरक्षक सेवा से बर्खास्त, एसपी ने की कार्रवाई

बलरामपुर। शराब के नशे में ड्यूटी करने और डायल 112 वाहन से दुर्घटना कारित करने के मामले में एसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। शराब के नशे में ड्यूटी करने और एक्सीडेंट करने वाले आरक्षक को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। दुर्घटना के बाद डॉक्टरी मुलाहिजा कराए जाने पर दोनों शराब के नशे में धुत पाए गए थे। बता दें कि 7 जुलाई की रात्रि आरक्षक संजय मारकंडे को डायल 112 वाहन क्रमांक सीजी 03 ए-2749 में तैनात किया गया था। घटना दिवस की रात्रि 11.40 बजे इवेंट की सूचना मिलने के बाद आरक्षक संजय मारकंडे और चालक ओमप्रकाश यादव डायल 112 लेकर बरतीकला के ग्राम सिवरी की ओर रवाना किया गया था इस दौरान रात्रि 11.45 बजे ही वाड्रफनगर-अम्बिकापुर मुख्य मार्ग पर न्यू पंचवटी ढाबा के आगे सामने से आ रहे पिकअप वाहंक क्रमांक यूपी 64 सीटी 1055 एवं डायल 112 क्रमांक सीजी 03 ए-2749 के बीच जोरदार टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में डायल 112 वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। इस दौरान डायल 112 में तैनात आरक्षक व चालक की चाल-ढाल से शराब के नशे में होने की बात सामने आई जिसके बाद आरक्षक संजय मारकंडे और चालक ओमप्रकाश यादव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाड्रफ नगर में डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया। इस दौरान आरक्षक और चालक के शराब के नशे में धुत होने की पुष्टि हुई। इस मामले में एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने आरक्षक को लाइन अटैच किया था। ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में धुत होकर दुर्घटना को अंजाम देने को एसपी श्री बैंकर ने ड्यूटी के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता व गंभीर कदाचरण मानते हुए आरक्षक संजय मारकंडे को पुलिस सेवा से पृथक कर दिया है।

सरगुजा प्रवास पर पहुंचे अमर कार्यकर्ताओं से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अमर अग्रवाल शनिवार को सरगुजा प्रवास के दौरान अंबिकापुर पहुंचे। इस दौरान सर्किट हाउस में भाजपा जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

विधायक श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और विभिन्न गतिविधियों को लेकर संवाद किया। इसके बाद श्री अग्रवाल अग्र महाकुंभ 2026' के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर अग्र समाज की एकजुटता, सेवा कार्यों और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। श्री अग्रवाल ने कहा कि समाज की प्रगति में संगठन, सेवा और सामाजिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरगुजा प्रवास के दौरान अमर अग्रवाल भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रखर मीसा बंदी स्व. चरण सिंह अग्रवाल के शिवनंदनपुर स्थित निवास भी पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

श्री अग्रवाल ने कहा कि स्व. चरण सिंह अग्रवाल का जीवन राष्ट्रसेवा, विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों और विचारधारा के प्रति अडिग रहते हुए संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



परशुरामपुर क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की कार्रवाई



रामानुजनगर। वन परिक्षेत्राधिकारी पूजा यादव के निर्देशन में वन विभाग द्वारा अवैध वनोपज परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई। 16 सितंबर को वन परिक्षेत्र के उप परिक्षेत्र परशुरामपुर अंतर्गत परिसर-परशुरामपुर के वनभूमि कक्ष क्रमांक 1824 कुमेली वाटर फॉल में वन कर्मियों द्वारा गश्त के दौरान एक बोलेरो वाहन को पिकनिक स्पॉट पर पाया गया। वाहन के सीसे पर काले रंग की फिल्म चढ़ी हुई थी। संदेह के आधार पर वन कर्मियों ने वाहन चालक को बुलाकर वाहन की जांच की। जांच के दौरान वाहन में केवल चालक के बैठने हेतु सीट पाई गई, जबकि अन्य सीटें मौजूद नहीं थीं। वाहन में अवैध रूप से लोड किए गए खम्हार प्रजाति के चिरान काष्ठ के 2 नग पाए गए। वन विभाग के अनुसार वाहन चालक द्वारा उक्त काष्ठ के परिवहन से संबंधित किसी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

राजपुर में सरगुजा ओलंपिक का समापन, खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 2026-27 के ब्लॉक स्तरीय आयोजन का समापन शनिवार को शासकीय उच्चतर मा ध्य मि क वि द्या ल य बा ल क महुआपारा के खेल मैदान में हु आ । समारोह की मुख्य अतिथि सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा रहीं जबकि अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत ने की। वशिष्ठ अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, धरम सिंह, प्रवीण अग्रवाल, शिवनाथ जायसवाल, मुकेश गुप्ता और जगवंशी यादव उपस्थित रहे।

- 12 विधाओं में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, विधायक ने कहा- ब्लॉक से राज्य स्तर तक प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 12 विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें 100 मीटर, 200 मीटर और



400 मीटर दौड़ के साथ रिले दौड़, गोला फेंक, रस्साकसी, कबड्डी, खो-खो, तवा फेंक, भाला फेंक, ऊंची कूद और लंबी कूद शामिल रहे। मुख्य अतिथि विधायक उदेश्वरी पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा ओलंपिक के माध्यम से ग्रामीण और स्कूली स्तर के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर से चयनित प्रतिभाओं को जिला और फिर राज्य स्तर पर खेलने का अवसर मिलना चाहिए। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने का मंच मिलेगा। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ आगे बढ़ें और राजपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में क्षेत्र का नाम रोशन करें। सरगुजा ओलंपिक के तहत हॉकी और कुश्ती खेले जाने की बात कही गई। प्रथम स्थान लाने वाले सभी प्रतिभाओं को जिला स्तर भेजने की तैयारी की जा रही है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान


डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं फेको सर्जन


डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं रेटिना विशेषज्ञ

● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा

आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

पेज 1 के शेष...

प्रदेश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अग्रवाल ...

बदलते समय में नई पीढ़ी के सामने अवसरों का एक विशाल संसार है। युवाओं को अपने संस्कारों और सामाजिक मूल्यों से जुड़े रहते हुए आधुनिक तकनीक, नवाचार और उद्यमिता को अपनाना होगा।

मुख्यमंत्री ने ट्रेड फेयर का किया शुभारंभ- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अग्र महाकुंभ के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए ट्रेड फेयर का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने मेले में लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और उद्यमियों से उनके उत्पादों तथा गतिविधियों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मंच से अग्रकुल दर्शन पत्रिका का विमोचन भी किया। इस दौरान सांसद चिंतामणी महाराज, बसना विधायक संपत अग्रवाल, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री अमर अग्रवाल, नगनि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, नगनि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीईओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, नगनि आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल सहित देशभर से अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के अनेक पदाधिकारी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सरगुजा पहुंचे सीएम का हुआ भव्य स्वागत- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सरगुजा पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम जनता द्वारा स्थानीय पीजी कॉलेज ग्राउंड हेलीपेड पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, विधायक प्रबोध मिंज, रामकुमार टोप्पो, महापौर श्रीमती मंजुषा भगत, सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, जिपं सीइओ सुश्री रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ लोकनाथ पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर

मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.अमित जैन
MS, MCH (Neurosurgery) Brain & Spine Surgeon
• सिर की चोट (हेड इंजरी),स्पोंडिलाइटिस
• ब्रेन ट्यूमर,लकवा, मिर्गी,ब्रेन हैमरेज,ब्लड क्लॉट

सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ.करण सराफ
MBBS,MD (Medicine), DM (Nephrology)-Gold Medalist
• किसी भी वजह से खराब किडनी का इलाज, किडनी स्टोन
• इन्फेक्शन,ज्वर, शूगर, बी.पी., चेहरे व शरीर में सूजन

सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ.हिमांशु कोल्हे
MBBS, MS, DrNB
• गैस, उल्टी,शूल व भारीपन,पेट दर्द,पीलिया,पित्त की समस्या
• पीलिया,पेट में गैस, खून की उल्टी,पेट में छाले,दीर्घ में जलन

सुप्रसिद्ध मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.शिल्पी अग्रवाल
MBBS, MS, MCH(UROLOGY), ANDROLOGIST & URO - ONCO SURGEON
• मूत्राशय या मूत्रनली से संबंधित रोग
• किडनी (पथरी) की समस्या

सुप्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरीशंकर सिंह
MBBS,(AFMC) MD (Psychiatry) BHU
• चिंता विकार,मनोवैज्ञानिक लक्षण, मिर्गी, विटेरान
• नकारात्मक विचार,डिमेंशिया, साईकोसिस

BLOOD BANK CENTER

डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड बैंक
मांगला का सर्वाधुनिक एवं एकमात्र
1.5 TESLA MRI
MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC

सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.सुशांत
MBBS, MD (General Medicine) DNB Neurology Raipur
• मस्तिष्क आघात,मिर्गी आना,मस्तिष्क में संक्रमण,ब्रेन ट्यूमर
• आघात,माइग्रेन हीरा,पार्किन्सन्स बीमारी,

20 सितंबर 2026, माह के तीसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध



7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
भेंट द्वारिका, द्वारिकाधीश, सोमनाथ, नागेश्वर, ओम कालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रुखमणी मंदिर, त्रयम्बकेश्वर, गोपी तालाब, सिरडी, शनि सिग्नापुर, नासिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थान

यात्रा दिनांक
29 सितंबर 2026
18 अक्टूबर 2026
25 अक्टूबर 2026
10 नवंबर 2026
22 नवंबर 2026
11 दिसंबर 2026
6 जनवरी 2027

राशि स्लीपर ~~₹ 21,500/-~~ ऑफर ₹19,999/- 3AC ~~₹ 32,500/-~~ ऑफर ₹30,500/-

स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866, 8275757579
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411